

# किताबों के पठन को प्रोत्साहित करते हुए जबलपुर रीडर्स ने पूरे किए तीन वर्ष, 140वीं चौपाल में गूंजा साहित्य का स्वर

**जबलपुर।** डिजिटल दौर में जहां युवाओं का बढ़ता स्क्रीन टाइम चिंता का विषय बना हुआ है, वहीं संस्कारधानी का 'जबलपुर रीडर्स' समूह पिछले तीन वर्षों से किताबों के पठन-पाठन की संस्कृति को जीवंत बनाए हुए है। नगर के मध्य स्थित भंवरताल गार्डन में प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाली साहित्यिक चौपाल ने अपने तीन वर्ष पूरे करते हुए 140वीं चौपाल का आयोजन किया। इस अवसर पर सदस्यों ने पुस्तकों के महत्व, साहित्य, समाज और आत्मविकास पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के सूत्रधार विशाल सिंह ने तीन वर्षों की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ मित्रों के साथ शुरू हुई यह पहल आज सैकड़ों पुस्तक प्रेमियों का परिवार बन चुकी है। हर रविवार सुबह 7:30 से 8:30 बजे तक सामूहिक पुस्तक पठन और 8:30 से 9:30 बजे तक पढ़ी गई पुस्तकों की समीक्षा, चर्चा तथा स्व-रचित रचनाओं का पाठ किया जाता है। यही निरंतरता आज इस अभियान की सबसे बड़ी पहचान बन गई है।

मानवेंद्र सिंह ने कहा कि जबलपुर की सांस्कृतिक पहचान में अब जबलपुर रीडर्स ने भी अपनी अलग जगह बना ली है और मात्र तीन वर्षों में यह उपलब्धि गौरव का विषय है।

प्रख्यात चित्रकार शिखा शिल्पी ने कहा कि पेंटिंग में महारत के बावजूद किताबों से उनका रिश्ता सबसे गहरा है। साहित्य हमारे व्यक्तित्व का आत्मदर्पण है और जीवन को सही दिशा देने का माध्यम भी।

दर्शन जैन ने युवाओं से आह्वान किया कि करियर चुनते समय केवल सफलता नहीं, बल्कि यह भी तय करें कि उस माध्यम से समाज को क्या योगदान दिया जा सकता है।

आशुतोष ने जबलपुर रीडर्स को एक सकारात्मक सामाजिक आंदोलन बताते हुए कहा कि यह मंच लोगों को अपने लक्ष्यों और योजनाओं को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने की प्रेरणा देता है।

रुचि जैन ने कहा कि रविवार की शुरुआत पुस्तकों के साथ करने की यह परंपरा प्रेरणादायी है और 140वीं चौपाल इस अभियान की निरंतर सफलता का प्रमाण है।

मनीषा पटेरिया ने कहा कि एक ही पुस्तक को पढ़ने वाले प्रत्येक व्यक्ति का दृष्टिकोण अलग होता है। यह मंच पढ़ने के बाद विचार व्यक्त करने का अवसर देता है, जो इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।

सिद्धार्थ चौहान ने पुस्तकों के माध्यम से बने अपने व्यक्तित्व और पहचान के अनुभव साझा किए, जबकि कामनी सोनी ने कहा कि पुस्तक एक ऐसा द्वार है जो खुलते ही नई दुनिया से परिचय कराता है। उन्होंने कहा, "अकेले पढ़ना आदत हो सकती है, लेकिन साथ में पढ़ना एक इबादत है।"

रविकांत राऊत ने साहित्यकार विश्वम्भर शर्मा कौशिक की लेखनी का परिचय कराया तथा साहित्यिक जुड़वां के कई रोचक उदाहरण प्रस्तुत किए।

आश्मी ने अपनी रचना के माध्यम से जबलपुर रीडर्स की तीन वर्षों की प्रेरक यात्रा का काव्यमय चित्रण किया। गौरव सेनी ने समूह को विभिन्न विचारों और व्यक्तित्वों से सजे एक सुंदर गुलदस्ते की संज्ञा दी।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण आशुतोष द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत कहानी "मेरे मार्क्स न पूछें" पर आधारित एकल नाट्य रहा, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। अंत में नयन जैन एवं संस्कार जैन ने समूह पठन के इस अभिनव प्रयोग को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों, प्रतिभागियों और पुस्तक प्रेमियों का आभार व्यक्त किया तथा आने वाले वर्षों में इस अभियान को और व्यापक बनाने का संकल्प दोहराया।

### सिटी मिशन मैनेजर पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

## परिचित को लाभ पहुंचाने कर दिया लाखों का भुगतान

**जबलपुर।** ओमती थानांतर्गत नगर पालिक निगम में पदस्थ सिटी मिशन मैनेजर ने बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के पांच नगरीय निकायों में अपने परिचित को लाभ पहुंचाने लाखों का भुगतान कर दिया । इसे लेकर सिटी मिशन मैनेजर शिकायत संबंधी जांच प्रतिवेदन नगरीय प्रशासन एवं विका स संचालनालय भोपाल को संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग ने प्रेषित किया था। जिसमें संविदा कर्मचारी होने के बावजूद सिटी मैनेजर ने अधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर से पांच नगरीय निकायों बरेला,भेड़ाघाट,पनागर,कटंगी व शहपुरा में अपने परिचित की पहचान छिपाकर उसके लिंक खाते में चार लाख *२ हजार ७०० रूपये का भुगतान क र दिया। इस पूरे मामले में वित्तीय अनिमियतता कर गबन किये जाने का खुलासा होने के बाद जिला शहरी विकास अभिकरण कलेक्ट्रेट कार्यालय के जिला प्रबंधक ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। ओमती पुलिस ने बताया कि जिला प्रबंधक जिला शहरी विकास अभिकरण कलेक्ट्रेट कार्यालय दीपक कुमार दीक्षित ने एक पत्र प्रस्तुत किया था। जिसमें लेख किया गया था कि नगर पालिक निगम जबलपुर में पदस्थ सिटी मैनेजर चंदन प्रजापति की शिकायत का जांच प्रतिवेदन आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संचनालय भोपाल को संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग ने प्रेषित किया था। जिसमें वर्ष २०२२-२३ में मुख्य नगरपालिका अधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर से चंदन प्रजापति सिटी मिशन मैनेजर ने अपने परिचित नेत्रपाल प्रजापति के खाते में नियमविरूद्ध चार लाख २ हजार ७०० रूपये का भुगतान किया गया। इस तरह जांच प्रतिवेदन के आधार पर सिटी मिशन मैनेजर चंदन प्रजापति द्वारा संविदा कर्मी होने के बावजूद अपने पद का दुरूपयोग कर स्वयं व परिचित को लाभ पहुंचाने की मंशा से शासकीय धन का दुरूपयोग गबन किया जाना पाये जाने के बाद अधिकारी के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत मे ख्यानत का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## नकली ब्रांड के फूड उत्पाद बेचने पर मामला दर्ज

**जबलपुर।** अधारताल थानांतर्गत बाजार में पहले से मौजूद नमकीन व स्नेक्स के लोकप्रिय ब्रांड की नकल कर इसी नाम से उत्पाद बेचने पर न्यू रामनगर अमखेरा स्थित एक स्नेक्स फूड निर्माता कंपनी के संचालक के खिलाफ कापीराइट एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। अधारताल पुलिस ने बताया कि टेमरभीटा रोड गोराबाजार निवासी विनोद उपाध्याय की फर्म मेसर्स गंगा फूड्स टेमरभीटा गोराबाजार में है। जहां एक्टीवा ब्रांड से नमकीन,चिप्स,कुरकुरे बनाये जाते हैं। कंपनी अपने उत्पाद जबलपुर व आसपास के क्षेत्रों में बेचती है। कंपनी के उत्पादों की बाजार में अच्छी डिमांड होने के कारण उसी ब्रांड से न्यू रामनगर खजरी खिरिया बायपास स्थित विजय श्री इंटरप्राइजेज भी नमकीन व स्नेक्स प्रोडक्ट बनाकर बाजार में बेच रही है। जिससे उनकी कंपनी को राजस्व हानि होने के साथ कं पनी की साख पर भी बट्टा लग रहा है। विनोद उपाध्याय व योगेश उपाध्याय की शिकायत पर विजय श्री इंटरप्राइजेज के संचालक आकाश गौतम के खिलाफ कापीराइट एक्ट की धारा ६१,६४ के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जेएनकेवीवी में तीन दिवसीय राष्ट्रीय बैठक शुरू

## विलुप्त हो रहे शुष्क क्षेत्रीय फलों के संरक्षण पर जोर

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जेएनकेवीवी) के कृषि महाविद्यालय स्थित विवेकानंद सभागार में शनिवार को भाकृअनुप-अखिल भारतीय शुष्क क्षेत्र फल अनुसंधान परियोजना की 30वीं अनुसंधान वैज्ञानिक समूह की वार्षिक बैठक का भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर के कृषि वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं विशेषज्ञ शुष्क क्षेत्रों के फलों के संरक्षण, संवर्धन तथा उत्पादन तकनीकों पर मंथन करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जेएनकेवीवी के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि शुष्क क्षेत्रों के कई पारंपरिक फल विलुप्त होने की कगार पर हैं। इनके संरक्षण, संवर्धन और पोषण संबंधी महत्व को देखते हुए व्यापक अनुसंधान की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकसित तकनीकों को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाकर इन फलों की खेती को बढ़ावा देना समय की मांग है।



विशिष्ट अतिथि डॉ. वी.बी. पटेल, एडीजी (उद्यानिकी), आईसीएआर, नई दिल्ली ने कहा कि शुष्क क्षेत्रीय फल पौष्टिक एवं औषधीय गुणों से भरपूर हैं और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच किसानों के लिए बेहतर विकल्प बन सकते हैं। उन्होंने इन फलों पर अनुसंधान को और अधिक प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई। उद्घाटन सत्र में मंचासीन अतिथियों ने करीब 10 तकनीकी प्रकाशनों का विमोचन किया। इस अवसर पर सीआईएएच, बीकानेर के निदेशक डॉ. जगदीश राने को शुष्क क्षेत्रीय फलों पर उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यों के लिए शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा श्री श्याम गटानी, डॉ. जुगल किशोर भूतड़ा तथा डॉ. विजय निमजे (महाराष्ट्र) को भी सम्मानित किया गया। बैठक में आईआईएचआर बेंगलुरु के डॉ. प्रकाश पाटेल, जेएनकेवीवी के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, उद्यानिकी संकाय की अधिष्ठाता डॉ. स्वाती बारचे, भाकृअनुप के डॉ. पी.सी. त्रिपाठी सहित देशभर के वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीना नायर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कृषि महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी ने किया। आयोजन सचिव डॉ. यू.के. चंदेरिया एवं सह-सचिव डॉ. भारती चौधरी ने बताया कि तीन दिनों तक विभिन्न तकनीकी सत्रों में शुष्क क्षेत्रीय फलों के संरक्षण, नई किस्मों के विकास, उत्पादन तकनीक और किसानों की आय बढ़ाने से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

### बेलगाम ट्रक की टक्कर से बाईक सवार महिला की मौत

**जबलपुर।** पाटन थानांतर्गत कल शहपुरा पाटन मेन रोड पर तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार पति पत्नी को टक्कर मार दी।घटना में जहां पीछे बैठी महिला को सिर में गंभीर चोट आई थी वही मोटरसाइकिल चालक को हाथ पैर में मामूली चोटे आइर्ई थी। महिला को इलाज के लिये तत्काल 108 एम्बुलेंस से पाटन शासकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने चेक कर उसे मृत करार दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्ारम सागा तेंदूखेड़ा निवासी मुकेश नाथ कल अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था। जहां से वह पत्नी को मोटरसाइकिल में लेकर सहसन आ रहा था। जैसे ही ठाकुर होटल के आगे शहपुरा मेन रोड पर पहुंचा पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में गाड़ी से गिरने से मुकेश को जहां हाथ पैर मे मामूली चोट आई थी वही उसकी पत्नी को सिर में गंभीर चोट आई थी। जिसे इलाज के लिये पाटन अस्पताल भिजवाया गया।

### मियावाकी पद्धति से होगा पौधारोपण

## रांझी उमरिया की 20 एकड़ भूमि पर विकसित होगा नगर वन

**जबलपुर।** नगर निगम रांझी उमरिया स्थित 20 एकड़ शासकीय भूमि पर मियावाकी पद्धति से नगर वन विकसित करेगा। इस परियोजना में नीम, पीपल, अमरूद, जामुन, आम, कटहल, गूलर सहित फलदार, औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण किया जाएगा। नगर वन में वॉकिंग ट्रैक, कैफेटेरिया, नेचुरोपैथी सेंटर, स्पोर्ट्स जोन, आकर्षक फाउंटेन युक्त तालाब तथा अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' के मार्गदर्शन में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अपर कलेक्टर आर.एस. राय, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, तहसीलदार श्रीमती मौसमी तथा जिला एवं निगम प्रशासन के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



निगमायुक्त ने कहा कि मियावाकी तकनीक से कम समय में घना वन तैयार होगा, जिससे प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और शहर को हरित वातावरण मिलेगा। उन्होंने बताया कि नगर वन को पर्यटन केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा, जहां नागरिक प्रकृति के बीच सैर, प्राकृतिक चिकित्सा और अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। निरीक्षण के दौरान पार्षद श्रीमती रजनी सुरेंद्र साहू, उद्यान अधिकारी मनीष तड़से सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह परियोजना शहर में हरियाली बढ़ाने के साथ पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### 314 करोड़ की जल-सीवरेज परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

## मेयर इन काउंसिल ने 218 निगम कर्मियों की पदोन्नति को दी मंजूरी

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में नगर निगम के 218 अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें 125 कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि शेष मामलों में कार्रवाई जारी है। महापौर ने बताया कि यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप लिया गया है। बैठक में शहर की जलप्रदाय एवं सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अर्बन चैलेंज फंड के तहत 314.18 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंत्रालय से सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने की जानकारी दी गई। इसके तहत 64.18 करोड़ रुपये की जलप्रदाय योजना और 250 करोड़ रुपये की सीवरेज योजना प्रस्तावित है। परियोजना के अंतर्गत 31.75 किमी नई पाइपलाइन, 2.51 किमी फीडर नेटवर्क, पांच नई उच्चस्तरीय जल टंकियों, 4,969 स्मार्ट मीटर तथा एससीएडीए प्रणाली का विकास किया जाएगा। साथ ही बजरंग



नगर, मोतीनाला, बड़ा पत्थर, वेटनरी ग्राउंड और बघा तालाब क्षेत्र में नई टंकियों का निर्माण होगा।

महापौर ने बताया कि इस योजना से शहर के साथ नगर निगम सीमा में शामिल 55 गांवों को भी शुद्ध पेयजल का लाभ मिलेगा तथा लगभग 1.14 लाख नए घरेलू नल कनेक्शन दिए जाएंगे। परियोजना से जल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी। बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, अशफाक परवेज कुरैसी, देवेन्द्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सचिव दिनेश प्रताप सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 3313 अधिवक्ता करेंगे मतदान, अध्यक्ष पद पर छह प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला

## जिला अधिवक्ता संघ की नई कमान आज तय होगी

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के नए नेतृत्व का फैसला सोमवार को मतपेटियों में बंद हो जाएगा। संघ चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और 3313 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए मनीष मिश्रा, नरेंद्र जैन, ज्योति राय, डी.पी. तिवारी, एच.आर. नायडू और अभय शुक्ला चुनाव मैदान में हैं। हालांकि चुनावी चर्चाओं में मुख्य मुकाबला पूर्व अध्यक्ष मनीष मिश्रा और नरेंद्र जैन के बीच माना जा रहा है, जबकि ज्योति राय भी मजबूत दावेदारी के साथ मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में हैं। अध्यक्ष पद के अलावा सचिव पद के लिए आठ, सहसचिव के लिए पांच, कोषाध्यक्ष के लिए चार, पुस्तक सचिव के लिए चार तथा कार्यकारिणी सदस्य के 51 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव अधिकारी जी.एस. ठाकुर ने बताया कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

### मतदान केंद्र पर रहेगी विशेष व्यवस्था

मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रखने के लिए मतदाताओं का प्रवेश गेट नंबर-4 से और निकास गेट नंबर-3 से होगा। गेट नंबर-4 से बैंक परिसर तक केवल अधिकृत प्रत्याशियों को ही जनसंपर्क की अनुमति रहेगी, जबकि समर्थकों को निर्धारित सीमा से बाहर रहना होगा। मतदान केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ अधिवक्ताओं तथा अस्वस्थ मतदाताओं के लिए अलग से विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मतदान से एक दिन पहले बार परिसर पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया। प्रत्याशी और उनके समर्थकों ने अधिवक्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर समर्थन जुटाने में पूरी ताकत झोंक दी। दिनभर न्यायालय परिसर में चुनावी चर्चाएं, समीकरण और जीत-हार के कयासों का दौर चलता रहा। बार के हर कोने में समर्थकों की सक्रियता और चुनावी माहौल साफ दिखाई दिया। अब सभी की निगाहें सोमवार के मतदान और उसके बाद आने वाले परिणामों पर टिकी हैं, जो जिला अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी की तस्वीर साफ करेंगे।

### ब्राह्मण समाज सिहोरा ने किया 100 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मान

# अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े : सुशील तिवारी इंदू





**सिहोरा।** अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसको भेदना ही सफलता है जिसमें संघर्ष और संभावना बहुत है विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ना ब्राह्मण की आन्तरिक शक्ति का प्रतीक है उक्ताशय के उदगार सुशील इंदू तिवारी विधायक पनागर ने ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा रुकमणी पैलेस में आयोजित मेधावी छात्र छात्रा एंव वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। आयोजन पूज्यनीय श्री सियावल्लभ दास वेदांती महाराज के पावन सानिध्य एंव पूर्व विधायक दिलीप दुबे,समाज के अध्यक्ष राकेश पाठक की अध्यक्षता,संध्या दुबे नगर पालिका अध्यक्ष,रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष,संरक्षक प्रकाश पांडे,अश्वनी कुमार पाठक, नंदकुमार परोहा,जयप्रकाश दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष ने कहा कि 18 वर्षो से चल रहे प्रतिभाशाली छात्रों के सम्मान एवं वरिष्ठ जनों के सम्मान में ब्राह्मण प्रतिभाओं में ऊर्जा का संचार हो वह न केवल राष्ट्र अपितु विश्व में अपने कार्यों के माध्यम से सिहोरा का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य देवता भगवान परशूराम एंव मां सरस्वती के पूजन से हुआ जिसमें सत्र 2024 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले दसवीं के 56 एंव बारहवीं के 44 मेधावी छात्रो को स्वर्गीय श्रीमती मालती दुबे की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। इसी तरह समाज ने 80 वर्ष या उससे अधिक की आयु पूर्ण कर चुके श्रीमती केतकी बाई तिवारी, श्रीमती सावित्री दुबे का भी शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया ।संचालन समाज के उपाध्यक्ष प्रवीण गौतम मंत्री सुरेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया। अनेक टीवी सिरियल के निर्माता निर्देशक सोमजी आर शास्त्री जो मुम्बई में पोंडा सिहोरा का नाम रोशन कर रहे तथा एमपी पीएससी में भू गर्भ शास्त्र से सफलता अर्जित कर प्रोफेसर बने आयूष तिवारी, अखिल भारतीय पूर्व सेना सेवा परिषद अध्यक्ष विजय मिश्रा को समाज द्वारा विशेष रुप से सम्मानित किया गया। अतिथियों एंव बच्चों का स्वागत महामंत्री प्रवीण कुररिया,नरेन्द्र त्रिपाठी,गोपाल पाठक,सुनील तिवारी नंदू,रवि दुबे,राजेश मिश्रा,राजकिशोर तिवारी,अशोक उपाध्याय,शैलेन्द्र दुबे,सतेन्द्र तिवारी,राजू तिवारी,अरविंद उपाध्याय,आलोक पांडे,धर्मशीला दुबे, प्रीति दुबे,स्मिता कुररिया,माधव मिश्रा,राजेन्द्र दुबे,रीता शुक्ला पार्षद,अनिल कुररिया,शिशिर पांडे,सुनील तिवारी गुड्डू,अनिल दुबे,राजेन्द्र गर्ग,निधि तिवारी,नीलम तिवारी,आरती तिवारी,अनिरूद्ध त्रिवेदी,नवनीत शुक्ला आदि ने किया।



## पेपर लीक मामले में छात्रों की मांगों के समर्थन में घंटाघर पर प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, परीक्षा अनियमितताओं और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर दिल्ली जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में जबलपुर के विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं जन संगठनों ने घंटाघर में एकत्र होकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम जिला प्रशासन को संयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि देशभर के हजारों छात्र निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग को लेकर शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन कर रहे हैं। वक्ताओं ने सरकार से आंदोलनरत छात्रों से तत्काल संवाद स्थापित कर उनकी मांगों का समाधान करने तथा उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बरतने की अपील की।प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि कथित पेपर लीक एवं परीक्षा अनियमितताओं की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में पेपर लीक रोकने के लिए सुरक्षित एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग रखी गई। संयुक्त ज्ञापन में एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे (प्रदेश संगठन मंत्री, आम आदमी पार्टी), एडवोकेट राजेंद्र गुप्ता (वरिष्ठ नेता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी), नोखेलाल प्रजापति (जिला अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी), अमित पांडे (स्वराज अभियान), रामरतन यादव, घनश्याम यादव, सुबोध रिछारिया, राजेंद्र अग्रवाल, प्रकाश कुशवाहा, मनीष वर्मा, ए.पी. यादव, लखनलाल प्रजापति, मेंहदी हसन, मुन्ना अली, अवधेश यादव, अशोक मिश्रा, श्याम सिंह कुशवाहा, शैलेन्द्र मिश्रा, मुरारी वर्मा, देवेंद्र यादव, राकेश यादव, गोपाल सिंह, शिव कुमार कुशवाहा, कांग्रेस नेता शिव कुमार चौबे, के.के. यादव, विश्वदीपित गौतम, सूरज पटेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र एवं जन संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सट्टे के अड्डे पर पुलिस का छापा, सात सटोरिये गिरफ्तार

**जबलपुर।** मदनमहल थाना पुलिस ने नरसिंह मंदिर के पीछे टपरिया बस्ती में सट्टे के अड्डे पर दबिश देकर दो सट्टा लिखने वाले और पांच सट्टा लिखाने वालों सहित सात सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 19,200 नकद, सट्टा पट्टियां, पेन व अन्य सामग्री जब्त की गई है।। पूछताछ में आरोपियों ने कालीमठ निवासी मोहित सिंह राजपूत के कहने पर सट्टा लिखना स्वीकार किया। पुलिस के पहुंचने से पहले मोहित मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।सभी आरोपियों के खिलाफ मदनमहल थाने में सट्टा एक्ट की धारा 4(क) एवं बीएनएस की धारा 49 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## घंटाघर के पास विरोध प्रदर्शन

**जबलपुर।** मेडीकल यूनिवर्सिटी के विभाजन से जबलपुर के साथ ही छात्रो का भी नुकसान होगा । 20 जुलाई, दोपहर 1 बजें घंटाघर के पास विरोध प्रदर्शन करेगें। मेडीकल यूनिवर्सिटी के विखण्डन से जबलपुर की साख प्रभावित होगी, साथ ही इस यूनिवर्सिटी के छात्रों के हितों के लिए समूचें प्रदेश में बनाये गये 5 समन्वय केन्द्र भी समाप्त हो जायेगें । इसके विरोध में 20 जुलाई को दोपहर 1 बजें घंटाघर के पास विरोध प्रदर्शन करेगें। डॉ.पी.जी. नाजपांडे, टी.के.रायघटक, सुशीला कनौजिया, सुभाष चन्द्रा, राजेश गिदरोनिया, मनीष शर्मा आदि ने उपस्थिति की अपील की है ।

## मानसून में सुरक्षित रेल संचालन को लेकर जबलपुर रेल मंडल सतर्क, 24 घंटे निगरानी व्यवस्था लागू

**जबलपुर।** मानसून के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल ने व्यापक तैयारियां की हैं। मंडल का सिविल इंजीनियरिंग विभाग आधुनिक तकनीक, सतत निगरानी और विभिन्न विभागों के समन्वय से पूरे रेल नेटवर्क पर विशेष सतर्कता बरत रहा है।




भारी वर्षा, जलभराव, बाढ़, मिट्टी कटाव जैसी संभावित परिस्थितियों को देखते हुए संवेदनशील रेलखंडों, पुलों, कटिंग, तटबंधों और लो-लेवल सबवे पर विशेष निगरानी की जा रही है। इन क्षेत्रों में मानसून पेट्रोलमैन एवं वॉचमैन तैनात किए गए हैं, जिनकी गश्त की निगरानी जीपीएस प्रणाली से की जा रही है। रेल मंडल द्वारा परिचालन, सिग्नल एवं दूरसंचार, विद्युत तथा इंजीनियरिंग विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। मौसम संबंधी अलर्ट के लिए मौसम विभाग, बरगी बांध प्रबंधन और जिला प्रशासन से लगातार संपर्क रखा जा रहा है। महत्वपूर्ण पुलों पर जलस्तर की निगरानी के लिए वॉटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम तथा हवा की गति मापने के लिए एनीमोमीटर जैसे उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। रेल पथ की सुरक्षा के लिए जल निकासी मार्गों, साइड ड्रेन और पुलों की सफाई के साथ आवश्यक सुदृढ़ीकरण कार्य पूरे किए गए हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए गिट्टी, रेत की बोरियां, रेल, स्लीपर एवं अन्य सामग्री भी रणनीतिक स्थानों पर उपलब्ध कराई गई है। जबलपुर रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि मानसून अवधि में 24 घंटे निगरानी रखते हुए यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और भरोसेमंद रेल यात्रा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंडल मौसम जनित चुनौतियों के बीच भी सुरक्षित एवं सुचारु रेल संचालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## कॉम्बिंग गश्त में 210 वारंट तामील

**जबलपुर।** जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार रात शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। रात 9 बजे से तड़के 2 बजे तक चली इस कार्रवाई में पुलिस की विभिन्न टीमों ने वर्षों से फरार आरोपियों की तलाश में दबिश देकर कुल 210 वारंट तामील किए। इनमें 114 गैर-मियादी, 64 गिरफ्तारी और 32 जमानती वारंट शामिल हैं। अभियान के दौरान कई लंबे समय से फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई। अभियान की निगरानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों एवं समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों, एसडीओपी और थाना प्रभारियों ने की।कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर भी बड़ी कार्रवाई की। चाकू लेकर घूम रहे 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 51 चाकू जब्त किए गए। वहीं मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त 3 आरोपियों से 8 किलो 765 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये बताई गई है, बरामद किया गया। इसके अलावा अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर 34 लीटर कच्ची शराब और 32 पाव देशी-विदेशी शराब जब्त की गई। पुलिस ने देर रात रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मुसाफिरखानों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की भी सघन जांच की। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत रहे और आमजन में सुरक्षा का विश्वास बना रहे।

## भारत विकास परिषद दादा ठनपाल शाखा ने शारदा मंदिर पहाड़ी पर किया पौधारोपण



**बरेला।** भारत विकास परिषद दादा ठनपाल शाखा द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ बरेला स्थित शारदा मंदिर पहाड़ी पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आनंद वाटिका समूह के सहयोग से वर्ष 2018 से इस क्षेत्र में निरंतर पौधारोपण एवं पौधों के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में सदस्यों ने पौधों की नियमित सिंचाई और देखरेख का भी संकल्प लिया। मुख्य अतिथि सुनील लवणगीकर (संगठन सचिव, उज्जैन), प्रांत अध्यक्ष रामकृष्ण चौकसे, प्रांत संपर्क प्रमुख इंजी. जितेंद्र कुलकर्णी, प्रांत महिला सहभागिता प्रमुख सरोज चौकसे, प्रांत महासचिव धर्मेंद्र कुशवाहा, आशीष शुक्ला (सरपंच, रिछाई), तथा आनंद वाटिका समूह के योगेंद्र सिंह परिहार सहित सभी सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन के साथ भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। पीपल, बरगद और फलदार पौधों का रोपण जैव विविधता संरक्षण के साथ पक्षियों एवं अन्य जीवों के लिए भी लाभदायक है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया गया।

## इलाज के लिए रखे 5200 रुपये चोरी, नाती पर संदेह

**जबलपुर।** पाटन थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग किसान ने इलाज के लिए रखे 5,200 रुपये चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। मामले में उन्होंने अपने नाती पर संदेह जताया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम चंदवा निवासी 72 वर्षीय अर्जुन सिंह लोधी ने बताया कि 18 जुलाई की शाम करीब 4 बजे वह भैंस बांधकर कमरे की ओर जा रहे थे। तभी उन्होंने अपने नाती राजा को कमरे से बाहर निकलते देखा। राजा नातिन का मोबाइल लेकर किसी से बात कर रहा था। कुछ देर बाद एक युवक मोटरसाइकिल से आया और राजा उसके साथ बैठकर चला गया।इसके बाद अर्जुन सिंह ने कमरे में जाकर देखा तो पैजामे की जेब में इलाज के लिए रखे 5,200 रुपये गायब थे। उन्होंने राजा की आसपास तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला धारा 303(1) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है।

## अंतर्शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता 23 जुलाई से

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं पी.के. पालीवाल प्राचार्य संदीपनी विद्यालय, अधारताल जबलपुर के संयोजन में दिनांक 23/07/2026 से 25/07/2026 तक संदीपनी विद्यालय, अधारताल में अंतर्शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता (14,17,19 वर्ग बालक एवं बालिका) का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी दिनांक 21/07/2026 एवं 22/07/2026 को संदीपनी विद्यालय, अधारताल पहुंचकर अपना ऑनलाइन पंजीयन, आवश्यक दस्तावेजों की प्रविष्टियां अनिवार्य रूप से सत्यापन कराने का कष्ट करें। सभी विद्यालय अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के पात्रता प्रमाण पत्र, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर तथा संकुल में फॉरवर्ड करार पांच प्रतियों में फॉरवर्ड लिस्ट के साथ अनिवार्य रूप से प्रतियोगिता में उपस्थित रहें। जिन खिलाड़ियों के दस्तावेज पूर्ण एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए जाएंगे, उन्हें ही आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। बालिका 14,17,19 वर्ग की प्रतियोगिता दिनांक 23/07/2026 को होंगी तथा बालक 14,17,19 वर्ग की प्रतियोगिता दिनांक 24/07/26 तथा दिनांक 25/07/2026 को होंगी। इस संबंध में विद्यालय के स्पोर्ट्स टीचर गिरीशकांत मिश्रा (+91 98273 24132) से संपर्क करें।

## डॉ. आम्बेडकर जनसेवा मंच की सभा संपन्न

**जबलपुर।** डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जनसेवा मंच की सभा कमल प्रसाद चौधरी के निवास पर 19 जुलाई को संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने उपस्थितजनों को समाज में व्याप्त कुरीतियों से दूर रहने की सलाह दी और बाबा आम्बेडकर के विचारों को प्रकट किया। सभा में मंच के एड. प्रहलाद चौधरी, मथुरा प्रसाद सतनाम, डॉ. मानकलाल जाटव, लखन खरे, धर्मेन्द्र सतनामी, अमित चौधरी, रामबाई, रामकली, सियाबाई, गुड्डीबाई, सपना चौधरी, मीनाबाई सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## शराब के लिए 1,000 रुपये नहीं दिए तो युवक से मारपीट

**जबलपुर।** मझौली थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर दो युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।पुलिस के अनुसार, ग्राम अमगवां देवरी निवासी 18 वर्षीय ओम सोनी ने शिकायत दर्ज कराई कि 18 जुलाई की रात करीब 2 बजे वह रीछी बम्होरी से मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। दौरा वाली रोड पर कमानिया गेट के आगे सोनू मिश्रा और तनवीर शाह ने उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए 1,000 रुपये मांगने लगे। रुपये देने से मना करने पर दोनों ने गाली-गलौज की और हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि सोनू मिश्रा ने डंडे से हमला कर उसके हाथ-पैर में चोट पहुंचाई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। मामला धारा 296(बी), 115(2), 126(1), 119(1) एवं 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है।

## मप्र राज्य तैराकी चैम्पियनशिप में जबलपुर की शिल्पी कोल ने जीता स्वर्ण पदक



**जबलपुर।** रीवा में मध्यप्रदेश तैराकी संघ के तत्वावधान में आयोजित 54वीं म.प्र. राज्य तैराकी चैम्पियनशिप-2026 में जबलपुर की उदीयमान तैराक शिल्पी कोल ने बालिका 18 वर्ष आयु वर्ग की 1500 मीटर फ्री-स्टाइल स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। शिल्पी प्राकृतिक तरणताल, जिलहरी घाट में प्रशिक्षक राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से शहर के खेल जगत में खुशी का माहौल है। जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष संजय पटेल एवं सचिव सुनील कुमार पटेल ने शिल्पी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिल्पी का प्रदर्शन युवा तैराकों के लिए प्रेरणादायी है और उनसे राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है।

## सेवा पुस्तिकाओं का ऑनलाइन अनुमोदन समय सीमा में करने की मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने संभागीय कोष एवं लेखा कार्यालय में ऑनलाइन सेवा पुस्तिकाओं के अनुमोदन में हो रही देरी पर नाराजगी जताई है। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने कहा कि सेवा पुस्तिकाओं के अनुमोदन में महीनों लगने से कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अनावश्यक आपत्तियां लगाकर प्रकरण वापस किए जाते हैं, जिससे कर्मचारियों को समय पर देय स्वत्वों का लाभ नहीं मिल पाता। संगठन ने कलेक्टर से मांग की है कि सेवा पुस्तिका अनुमोदन के लिए निश्चित समय सीमा तय की जाए। मांग करने वालों में हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, संतोष चौरसिया, फिलिप अन्थोनी, गुडविन चार्ल्स, रऊफ खान सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

## छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आज

**जबलपुर।** आल इंडिया समता सैनिक दल के तत्वावधान में कलावीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय में 20 जुलाई शाम 6.30 बजे से आयोजित मुख्य मार्गदर्शक एलआर बाली के जन्मदिन के उपलक्ष्य में वर्ष 2026 में 60 से 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उपस्थिति का आग्रह समता सैनिक दल के सदस्यों ने किया है।




**श्रीमती निशा सिंह ठाकुर-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री योगेंद्र सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती निशा सिंह ठाकुर (58) का निधन हो गया। अaंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सोहन लाल चौधरी-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री सोहन लाल चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला लोधी-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री राम सिंह लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती सरला लोधी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशानभूमि में किया गया।

**श्रीमती लता भारद्वाज-** जगदंबा कॉलोनी उखरी रोड निवासी श्री कमल नारायण भारद्वाज की धर्मपत्नी श्रीमती लता भारद्वाज (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आदित्य कोरी-** अच्छे मियां का बड़ा शीतलामाई निवासी श्री कमलेश कोरी के पुत्र आदित्य कोरी (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री सुजीत कुमार दत्ता-** इंद्रपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री अजय कुमार दत्ता के पुत्र श्री सुजीत कुमार दत्ता (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश जाटव-** ठक्कर ग्राम चमरौटी मोहल्ला निवासी श्री धनीराम जाटव के पुत्र गणेश जाटव (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती किरण दुबे-** एमआईजी 27, पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री बलवंत कुमार दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती किरण दुबे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बंटू यादव-** ग्राम ओरिया कटंगी बाईपास चौराहे के निकट निवासी श्री रामनाथ यादव के पुत्र बंटू यादव (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री शारदा प्रसाद चौधरी-** धोबीघाट वॉटर वर्क्स रोड निवासी श्री रामाधार चौधरी के पुत्र श्री शारदा प्रसाद चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना बर्मन** - गौरीघाट बर्मन मोहल्ला रेलवे स्टेशन के पास निवासी श्री मुन्ना बर्मन (70) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पन्ना लाल विश्वकर्मा-** कंचनपुर अधारताल निवासी श्री पन्ना लाल विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल शुक्ला-** मानेगांव रांझी निवासी श्री अनिल शुक्ला (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- रंगीन 900/-
फिक्स साइज रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9907362160



## रामायण के इवेंट से ट्रेलर लीक रावण बने यश की मिली पहली झलक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित इस इवेंट में पहली बार फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर दिखाया गया। ट्रेलर दिखाने से पहले मेकर्स और ऑर्गेनाइजर ने कई बार इस बात की अपील की थी कि कोई भी इसका वीडियो या फोटो ना ले, क्योंकि आने वाले दिनों में इसे आधिकारिक तौर पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर कोई भी ट्रेलर रिकॉर्ड करता पाया जाता है, तो उसी वक्त उससे फोन ले लिया जाएगा। इसके अलावा एंट्री के वक्त भी एक ऑनलाइन डॉक्यूमेंट पर साइन करवाया गया था कि दर्शकों द्वारा ट्रेलर की रिकॉर्डिंग नहीं की जाएगी। इन सब के बावजूद वहां मौजूद कुछ लोगों ने ट्रेलर को रिकॉर्ड करके ऑनलाइन लीक कर दिया। जिसमें रावण बने यश की पहली झलक मिली।

लाइफ Style

# रकुल

## रामायण का हिस्सा बनकर खुशी से झूमीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बनकर रकुल प्रीत सिंह बेहद खुश हैं। फिल्म का भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर रकुल प्रीत सिंह भी शामिल हुईं। फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेत्री बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है।

रकुल प्रीत सिंह ने इस प्रोजेक्ट को सिनेमा से भी आगे की एक यात्रा बताया है। आज रविवार को रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'रामायण' के भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट की झलकियां शेयर कीं। साथ ही इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के बारे में बात की। इवेंट में रकुल प्रीत येलो कलर की ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने लिखा है, 'एक ऐसी चीज का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, जो जिंदगी और सिनेमा से भी कहीं बड़ी है। हमारा इतिहास, हमारी विरासत, हमारी रामायण। हम दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह एहसास सचमुच शब्दों से परे है। आप सभी के हमारे साथ इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है'। बता दें कि रकुल प्रीत सिंह को नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में शूर्पणखा की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में होंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता का रोल कर रही हैं। एक्टर यश रावण की अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दिवाली पर आएगा। वहीं, दूसरा पार्ट अगले साल यानी 2027 में दिवाली के अवसर पर रिलीज होगा।



हॉलीवुड मसाला

## त्साही ने बॉलीवुड गाने पर किया डांस




**लॉस एंजिल्स।** फौदा के इस मशहूर स्टार त्साही ने इजराइल के पॉपुलर डांस शो 'डांसिंग विद द स्टार्स' में बॉलीवुड गाने 'मुंडियां तो बचके रहीं' पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी, जो अब चर्चाओं में आ गई है। त्साही ने बताया कि ये परफॉर्मेंस उन्होंने भारत, उसकी संस्कृति और बॉलीवुड को ट्रिब्यूट देने के लिए किया। उन्होंने कहा कि भारत में काम करने और लोगों से मिलने का उनका अनुभव बेहद खास रहा। इस खास मौके पर इस्राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह भी शो में मौजूद रहे।



## बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का मिला था अवार्ड ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्रेंडा फ्रिकर का 81 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने होम अलोन 2, माई लेफ्ट फुट जैसी फिल्में की। कैजुअल्टी जैसी ड्रामा सीरीज की। उन्हें माई लेफ्ट फुट के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवार्ड मिला था। ब्रेंडा फ्रिकर का जन्म डबलिन में हुआ था। उन्होंने थिएटर से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद टीवी की दुनिया में कदम रखा। आगे चलकर वह फिल्मों में अभिनय करने लगीं। साल 1977 में ब्रेंडा फिल्म 'कोरोनेशन स्ट्रीट' में नजर आईं। साल 1978 में प्ले फॉर टुडे और लिकिंग हिटलर में भी उन्होंने काम किया। ब्रेंडा फ्रिकर ने बीबीसी के लिए एक मेडिकल ड्रामा 'कैजुअल्टी' भी किया था, इसमें उन्होंने नर्स मेगन का रोल किया था। वह इस शो से कई वर्षों तक जुड़ी रहीं।



## नकाब की ओपनिंग नाइट बनी यादगार...

**नई दिल्ली।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी 25 साल बाद थिएटर में नकाब पर परफॉर्म किया। इस बीच उन्हें अपने पहले ही शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पूरा शो हाउसफुल रहा। शिकागो में शो इस खास मौके को नवाजुद्दीन ने अपनी बेटी शोरा सिद्दीकी के साथ साझा किया। उनके लिए ये पल बेहद भावुक रहा, क्योंकि उन्होंने उसी मंच पर वापसी की, जहां से एक कलाकार के तौर पर उनका सफर शुरू हुआ था। नकाब के जरिए शोरा सिद्दीकी ने भी थिएटर में अपना डेब्यू किया और अपने पिता के साथ मंच पर नजर आईं। इससे पहले ही नवाजुद्दीन की वापसी को लेकर काफी एक्साइटमेंट थी, लेकिन शोरा ने भी अपने कॉन्फिडेंस और शानदार स्टेज प्रेजेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया और शाम की सबसे खास झलकियों में से एक बन गईं।



## नाचे नागिन गली गली पर किया डांस...

**मुंबई।** फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' में मीनाक्षी शेषाद्रि को नागिन के रूप में देखा गया था। वहीं, अभिनेता नितीश भारद्वाज उनके अपोजिट दिखे। दिग्गज अभिनेत्री ने फिल्म के टाइटल सॉन्ग को रिक्रिएट किया है। उन्होंने तमाम दर्शकों और प्रशंसकों की गुजारिश पर फिर से इस गाने पर डांस किया है और सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। अभिनेत्री मीनाक्षी ने फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' की यादें फिर से ताजा की हैं। इसी के साथ उन्होंने रीना रॉय और श्रीदेवी को भी याद किया है। अपना डांस वीडियो शेयर करते हुए मीनाक्षी शेषाद्रि ने लिखा है, '70 के दशक के बीच में आई फिल्म 'नागिन' ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त धूम मचाई थी। इसमें रीना रॉय मुख्य भूमिका में थीं। 80 के दशक के बीच में श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'नगीना' के साथ इतिहास ने खुद को दोहराया।

टीवी मसाला



## शो छोड़ने की खबरों पर दिलीप ने बताया अनबन का सच

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर और दर्शकों का पसंदीदा कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले कई सालों से लोगों को एंटरटेन कर रहा है। इस शो का हर एक किरदार दर्शकों के दिल के बेहद करीब है, लेकिन अगर जेठालाल की बात करें तो उनके बिना इस शो की कल्पना करना भी मुश्किल है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और खबरों के बाजार में एक अफवाह तेजी से उड़ रही है कि जेठालाल यानी सबके चहेते दिलीप जोशी इस शो को अलविदा कह रहे हैं। इस खबर ने फैंस को तगड़ा झटका दिया था और हर कोई काफी परेशान था। लेकिन, अब खुद दिलीप जोशी ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और सच सबके सामने रख दिया है। दिलीप जोशी ने इन सभी खबरों को पूरी तरह से अफवाह और बकवास करार दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं और शो को छोड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है। दिलीप जोशी ने बताया कि जब भी इस तरह की झूठी खबरें सामने आती हैं, तो उन्हें बहुत दुख होता है। वे पिछले कई सालों से इस शो का हिस्सा हैं और दर्शकों से उन्हें जो प्यार मिला है, उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने फैंस से अपील की है कि वे इस तरह की किसी भी उड़ती हुई खबर पर भरोसा न करें, क्योंकि वे आगे भी जेठालाल बनकर दर्शकों को हंसाते रहेंगे। दरअसल, कुछ समय पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि शो के मेकर्स और दिलीप जोशी के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई है।

### लॉक अप 2 में होगी अपूर्वा की एंट्री?

**नई दिल्ली।** जब 'लॉक अप: सच या सजा' का खेल और भी ज्यादा अनप्रेडिक्टेबल होता जा रहा है, तब इंटरनेट पर एक नया ट्विस्ट सामने आया है और इसमें अपूर्वा मखीजा का नाम शामिल है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके शो में शामिल होने की संभावना को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इंटरनेट पर चर्चा है कि अपूर्वा मखीजा 'लॉक अप 2' में शामिल हो रही हैं। कई फैन पेज और कंटेंट क्रिएटर्स इस संभावना को लेकर अपना उत्साह जाहिर कर रहे हैं और संकेत दे रहे हैं कि अपूर्वा मुखिजा जल्द ही 'लॉक अप' सीजन 2 के घर में एंट्री कर सकती हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और जबरदस्त मौजूदगी के लिए मशहूर अपूर्वा को लेकर यह चर्चा तब और तेज हो गई जब फैंस ने 'द ट्रेटर्स' में उनके शानदार परफॉर्मेंस को याद किया और उन्हें फिर से किसी रियलिटी शो में देखने की इच्छा जताई। एक और यूजर ने कहा, 'रेबेल किड को श्रेया कालरा को ज्यादा स्क्रीन स्पेस देने के लिए लाया गया है'।



## आर्टिकल 370 को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर आदित्य ने जताई खुशी

**मुंबई।** 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं के नाम से पर्दा हट गया है। बीते दिन पुरस्कारों का ऐलान हुआ। यामी गौतम अभिनीत फिल्म 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसके अलावा फिल्म ने दो और पुरस्कार जीते हैं। इसी फिल्म के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के तौर पर किया गया है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए शशवत सचदेव ने पुरस्कार जीता है। इस पर आदित्य धर ने खुशी जताई है और यह वादा किया है कि वे इसी तरह की कहानियां लाते रहेंगे। आदित्य धर ने लिखा है, 'फिल्म 'आर्टिकल 370' के लिए तीन नेशनल अवॉर्ड जीतना एक ऐसा पल है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह अनुभव मुझे विनम्र और भावुक बनाता है और मेरा दिल गहरे आभार से भर देता है। जब हमने यह फिल्म बनाने का फैसला किया, तो हमारा मकसद अवॉर्ड पाना नहीं था। हम ईमानदारी, हिम्मत और सच्चाई के साथ एक कहानी कहने के पक्के इरादे से प्रेरित थे। यह देखना वाकई बहुत सुखद है कि देश भर के दर्शकों ने इस सफर को पसंद किया और अब इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा गया है। इस शानदार सम्मान के लिए सम्मानित जूरी का और उन सभी लोगों का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने 'आर्टिकल 370' देखी, उसे सपोर्ट किया, उस पर चर्चा की और उसमें भरोसा जताया।






## चर्चा में आया सलमान का नया लुक! कुछ लोगों ने धर्मेंद्र से की तुलना

**मुंबई।** सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर चर्चा में हैं। इससे पहले सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर कई फैंस ने इसलिए चिंता जताई है कि सलमान खान की सेहत काफी घट गई है। सलमान खान दशकों से अपनी फिटनेस के लिए मशहूर हैं। ऐसे में उनकी सेहत का घटना उनके फैंस के लिए हैरानी की बात है। आपको बता दें कि सलमान खान हाल ही में मुंबई में एक प्रोग्राम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हल्के ऑलिव ग्रीन रंग की शर्ट पहनी। उन्होंने कैप से अपने लुक को पूरा किया। वीडियो में उनका चेहरा पहले की तुलना में काफी अलग नजर आ रहा है। वह काफी थके हुए नजर आए। इसलिए उनका यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सलमान खान के लुक को लेकर एक यूजर ने लिखा 'सलमान खान को क्या हुआ? पहले मुझे लगा कि वह सलमान खान नहीं है, फिर मैंने शेरा को देखा। वह धर्मेंद्र के जैसे उम्रदराज लग रहे हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'दोस्तों सलमान खान को क्या हुआ है? उनका चेहरा देखिए, वह दादा की तरह लग रहे हैं। वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे हैं।'



### किरदार में ढलने के लिए ली सख्त ट्रेनिंग

कुछ दूसरे फैंस ने अंदाजा लगाया कि हो सकता है कि सलमान खान ने अपनी नई फिल्म के लिए अपना लुक बदला हो। कुछ यूजर्स ने अंदाजा लगाया कि सलमान खान की बढ़ती उम्र की वजह से ऐसा हुआ होगा। इस मामले पर अभिनेता या उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सलमान खान के काम की बात करें तो उनके पास फिल्म 'मातृभूमि' है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। अपने किरदार में ढलने के लिए उन्होंने सख्त ट्रेनिंग ली है। वह एक नई फिल्म में नयनतारा के साथ नजर आने वाले हैं।

### मैंने प्यार किया से मिली ब्लॉकबस्टर सफलता और पहचान

## लता-रफी ने गाए जिनके गीत, ताउम्र झेलनी पड़ी बी-ग्रेड फिल्मों की मार

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई संगीतकार और गीतकार ऐसे रहे हैं, जिन्होंने ताउम्र मेहनत की, लेकिन शायद उन्हें सफलता तब हासिल हुई, जब जिंदगी के वह आखिरी पड़ाव पर थे। सिनेमा में एक ऐसे ही गीतकार रहे, जिन्होंने खूब मेहनत की, जिनके लिखे गीतों को लता मंगेशकर ने गाया। मोहम्मद रफी भी जिनके लिखे गीतों को गा चुके हैं। आज कहानी उसी फनकार की...*



### ऐसे हुई कॅरियर की शुरुआत

असद भोपाली कॉलेज के दिनों से ही शेर-ओ-शायरी करते थे। वो मुशायरों में जाते थे। वो दौर आजाजी के बाद का था जब साल 1949 में मशहूर फिल्म निर्माता फाजली ब्रदर्स अपनी फिल्म 'दुनिया' के लिए नए गीतकार की तलाश में थे। दरअसल उनकी फिल्म मुख्य गीतकार आरजू लखनवी महज दो गाने लिखकर पाकिस्तान चले गए थे। ऐसे में फाजली ब्रदर्स को नए गीतकार की तलाश थी और फिर वह भोपाल एक मुशायरे में गए, जहां उनकी मुलाकात असद भोपाली से हुई। ये मुशायरा भोपाल के एक सिनेमा हॉल मालिक सुगम कपड़िया की सलाह पर फाजली ब्रदर्स ने भोपाल के 'भोपाल टॉकीज' में आयोजित करवाया। यहीं पर फाजली ब्रदर्स ने असद भोपाली को अपनी फिल्म में गीतकार के लिए साइन कर लिया।

### कौन थे असद भोपाली?

आज जिस फनकार का जिक्र हम कर रहे हैं उनका नाम था असद भोपाली। असद भोपाली ने अपने करियर में कम लेकिन बेहद कल्ट गाने लिखे, जिन्हें पसंद करने वालों की फेहरिस्त आज भी है। यहां तक कि उनके गाने आज भी सुपरहिट हैं। हालांकि उन्हें वो पहचान नहीं मिल पाई, जिसके वह हकदार थे। असद भोपाली का जन्म मध्यप्रदेश के भोपाल में 10 जुलाई 1921 को को हुआ था। उनका असली नाम असदुल्लाह खान था। हालांकि फिल्मों में आने के बाद उनका नाम बदल गया। उनके पिता अरबी और फारसी भाषाओं के शिक्षक थे, तो ऐसे में उन्हें इन भाषाओं का अच्छा ज्ञान था।

### सिनेमा को दिए कई हिट गाने

आखिरकार फिल्म दुनिया से असद भोपाली ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'रोना है तो चुपके चुपके' और सुरैया की आवाज में 'अरमान लुटे, दिल टूट गया' जैसे गाने लिखे। हालांकि उनके करियर में बड़ा ब्रेक उन्हें मिला साल 1951 में आई फिल्म अफसाना से। इस फिल्म को बी.आर चोपड़ा ने बनाया था। इस फिल्म के लिए उन्होंने 6 गाने लिखे। फिल्म के एक गाने को लता मंगेशकर ने गाया और उसे असद भोपाली ने ही लिखा था। यह गाना हिट रहा और यहीं से असद भोपाली की किस्मत बदली। धीरे-धीरे ही सही लेकिन हां असद भोपाली का नाम सिनेमा में चल पड़ा।

### करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई

असद भोपाली ने अपनी जिंदगी के अंतिम पड़ाव में भी वो कमाल किया, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। साल 1989 में आई राजश्री प्रोडक्शंस की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' असद भोपाली के करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'कबूतर जा जा जा' और 'दिल दीवाना' जैसे हिट गाने लिखे। ये गाने लिखकर ये साबित किया कि वे बदलते दौर के साथ भी खुद को ढाल सकते हैं।

### 100 से ज्यादा फिल्मों में 400 से ज्यादा गाने

असद भोपाली ने अपने 40 साल के करियर (1949-1990) में लगभग 100 से अधिक फिल्मों के लिए 400 से ज्यादा गाने लिखे। हालांकि यह नहीं है कि उनके गाने हिट नहीं हुए। उनके कुछ ऐसे कल्ट गाने भी बने, जो ब्लॉकबस्टर बने। साल 1963 में उन्होंने फिल्म पारसमणि के लिए गीत लिखे। इस फिल्म के गाने हिट रहे। फिल्म का एक गाना 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा' आज भी सुपरहिट है। इस गाने को लता मंगेशकर और कमल बरोत ने गाया था। इसके अलावा उन्होंने साल 1972 में आई फिल्म रूप तेरा मस्ताना के लिए 'सौ बार जनम लेंगे, सौ बार फना होंगे', 1965 में आई फिल्म एक सपेरा एक लुटेरा के लिए 'हम तुमसे जुदा होके, मर जाएंगे रो-रो के' समेत कई गाने गाए।

# साप्ताहिक जैविक हाट : किसानों को मिल रहा उचित दाम, उपभोक्ताओं में भारी उत्साह

**जबलपुर।** प्रत्येक रविवार को कृषि उपज मंडी परिसर में लगाये जा रहे साप्ताहिक जैविक हाट का आज भी सफल आयोजन सफल आयोजन किया गया। साप्ताहिक जैविक हाट ने स्थानीय उपभोक्ताओं और जैविक खेती करने वाले किसानों के बीच एक मजबूत कड़ी का काम कर रहा है, जिससे दोनों ही पक्षों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।अक्सर शुद्ध और प्रामाणिक जैविक उत्पादों के लिए भटकने वाले शहरी व स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए यह हाट एक वरदान साबित हो रहा है। हाट में पहुँचे उपभोक्ताओं ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें एक ही छत के नीचे बेहतरीन जैविक उत्पाद आसानी से मिल रहे हैं। बाजार से मिल रहा सकारात्मक रुझान यह दर्शाता है कि लोग अब स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं और जैविक उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं।





### किसानों के चेहरे खिले, मिला उपज का उचित दाम

दूसरी ओर, रासायनिक खादों को छोड़कर प्राकृतिक और जैविक खेती अपनाने वाले प्रगतिशील किसानों के लिए यह हाट बेहद लाभकारी सिद्ध हुआ। बिचौलियों से मुक्त सीधे बाजार मिलने के कारण किसानों को अपनी उपज का सही और वाजिब दाम प्राप्त हुआ। उचित मूल्य मिलने से जैविक किसानों में खुशी की लहर है और उनका मनोबल बढ़ा है। रविवार को आयोजित साप्ताहिक जैविक हाट के सफल संचालन की पूरी जिम्मेदारी विकासखंड पाटन के कृषि विभाग की रही। विभाग द्वारा की गई उत्कृष्ट संचालन व्यवस्था से उपभोक्ता और किसान दोनों ही पूरी तरह संतुष्ट नजर आए। इस पूरे आयोजन का सफल नेतृत्व उप संचालक एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी द्वारा किया गया। उनके कुशल मार्गदर्शन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाटन सीमा राउत एवं विकासखंड पाटन के स्टाफ ने मुस्तैदी से अपनी भूमिका निभाई और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराया।

विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार रहेंगे मुख्य अतिथि

## श्रीहनुमानजी प्राण-प्रतिष्ठा व गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 को

**जबलपुर।** कटंगी स्थित प्रज्ञा धाम में 21 जुलाई को दक्षिण मुखी नीमवाले श्रीहनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा, गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समारोह की संयोजक प्रज्ञा पीठाधीश्वर श्री मां साध्वी विभानंद गिरी ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान जी के नेत्र दर्शन होंगे। सवा मन लड्डू का भोग, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार नई दिल्ली एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. कैलाश गुप्ता विभाग संघचालक होंगे। सम्पूर्ण समारोह जगद्गुरु रामरंगी द्वाराचार डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज,



श्रीमहंत कौशिक चैतन्य महाराज, श्रीमहंत डॉ. साध्वी प्रज्ञा भारती महाराज के मंगल सानिध्य में होगा। विहिप के अध्यक्ष सुनील भागचंदानी, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख मुन्ना पांडेय, प्रज्ञाधाम के ट्रस्टी देवेश्वर गिरी, सोम गिरी, अदिति गिरी एवं राजेश पाठक प्रवीण ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।



## यादव महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**जबलपुर।** प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सुशीला मैरिज गार्डन अमखेरा में किया गया, जिसमें समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं माता-पिता का सम्मान किया गया। यादव समाज का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करना रहा। राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक सुहागी इंडियन कॉफी हाउस में हुई, जिसमें विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधि प्रमोद चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र सिंह मंडलोई, भारत सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष आरएन यादव, प्रधान महासचिव कल्याण सिंह बंटी, सागर मंडी अध्यक्ष सुधीर यादव, महिला प्रदेश अध्यक्ष विनीत सिंह यादव, चंदन सिंग यादव, शहर अध्यक्ष कमलेश यादव, प्रदेश महासचिव तृप्ति यादव, शशांक यादव, शिव यादव, रामरतन यादव, घनश्याम यादव, प्रदीप यादव, अशोक यादव, विजय यादव, सुनील यादव, पवन यादव, राजेंद्र यादव, शिवम यादव, संदीप यादव, नरेंद्र यादव, पुष्पेंद्र यादव, भानु यादव, पंकज यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

"ऑपरेशन हमदर्द" बना बिछड़े बेटे के लिए उम्मीद की किरण

## रेलवे पुलिस ने परिवार से कराया भावुक मिलन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश रेल पुलिस द्वारा संचालित "ऑपरेशन हमदर्द" के अंतर्गत जीआरपी थाना जबलपुर द्वारा एक बार फिर मानवता और संवेदनशील पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। थाना आरपी जबलपुर को रेलवे स्टेशन जबलपुर परिसर में एक "मंदबुद्धि युवक" अकेला एवं असहाय अवस्था में भटकता हुआ मिला। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अजमेर अंसारी, पिता इम्तियाज अंसारी, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम दुलदुलवा, थाना मिराल, जिला गढ़वा (झारखंड) बताया।



निर्देशानुसार युवक को सुरक्षित रूप से थाना जीआरपी जबलपुर लाया गया। पुलिस कर्मियों द्वारा उसके साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए धैर्यपूर्वक पूछताछ की गई, जिससे उसके परिजनों का मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ। तत्पश्चात तत्काल परिजनों से संपर्क स्थापित कर उन्हें जबलपुर थाना आने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही युवक के पिता इम्तियाज अंसारी थाना जीआरपी जबलपुर पहुंचे। अपने बिछड़े बेटे को सकुशल सामने देखकर उनकी आंखें नम हो गईं और उन्होंने जीआरपी जबलपुर का हृदय से आभार व्यक्त किया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत युवक को उसके पिता के सुपुर्द सुपुर्दनामा पत्रक के माध्यम से सुरक्षित सौंप दिया गया। जीआरपी जबलपुर "ऑपरेशन हमदर्द" के तहत जरूरतमंद, असहाय एवं बिछड़े व्यक्तियों को उनके अपनों से मिलाया जा रहा है।

## धारा 49/6 समाप्त होने पर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने जताया शासन का आभार

**जबलपुर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन, मध्यप्रदेश (मुख्यालय भोपाल) ने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 17 जुलाई 2026 को जारी आदेश के तहत धारा 49/6 समाप्त किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए दोनों राज्य सरकारों के प्रति आभार व्यक्त किया है। एसोसिएशन ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, दोनों राज्यों के मंत्रिपरिषद के सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों को धन्यवाद दिया।एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष ओ.पी. बधोलिया, प्रांतीय विधि प्रकोष्ठ प्रभारी वी.पी. शुक्ला एवं प्रांतीय सचिव डॉ. अरुण पांडे ने कहा कि संगठन कई वर्षों से धारा 49/6 समाप्त कराने के लिए संघर्षरत था। पिछले एक माह में प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क जैसे लोकतांत्रिक प्रयास किए गए, जिनका सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

एसोसिएशन के अनुसार इस निर्णय से भविष्य में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के बीच महंगाई राहत (डीआर), वेतन तथा अन्य वित्तीय लाभों के अनुमोदन की जटिल एवं विलंबकारी प्रक्रिया समाप्त होगी, जिससे लाखों पेंशनर्स एवं कर्मचारियों को समय पर लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।



## "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" कार्यक्रम में नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया

**जबलपुर।** थाना गोरखपुर एवं नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी के संयुक्त तत्वावधान में गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल के मार्गदर्शन में मांडवा बस्ती रामपुर में "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रभारी हेमंत सोलंकी ने उपस्थितजनों को मादक पदार्थों एवं तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले शारीरिक दुष्परिणामों को बताया। काउंसर श्वेता मिश्रा ने बताया कि नशे के कारण घरेलू हिंसा में बढ़ोत्तरी हो रही है, इससे महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं हमें नशा सेवन से बचना चाहिए। रामपुर चौकी प्रभारी महेन्द्र जाटव ने सभी उपस्थितजनों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर एसआई कन्हैया चतुर्वेदी, आर. आशीष, अभी दीप, आर. रितेश नेमा, श्वेता मिश्रा, लखन अहिरवार, सानिया प्रजापिति, रश्मि अहिरवार, उत्तम रैकवार सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## ऑटो बने नशामुक्ति संदेश वाहक, जीआरपी ने लगाए जागरूकता पोस्टर

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आज थाना जीआरपी जबलपुर द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर एवं आसपास संचालित ऑटो चालकों के बीच विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ऑटो चालकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, यात्रियों एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी ऑटो चालकों को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु ऑटो रिक्शा पर "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान के जागरूकता पोस्टर चस्पा किए गए, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुँच सके। पुलिस अधिकारियों ने ऑटो चालकों से अपील की कि वे अपने वाहन में यात्रा करने वाले यात्रियों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें तथा समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने में सहयोग दें।



कार्यक्रम में थाना जीआरपी जबलपुर के प्रधान आरक्षक रामनिवास ओझा, प्रधान आरक्षक शकील, प्रधान आरक्षक वीरान महेबिया, प्रधान आरक्षक कौशल तिवारी, प्रधान आरक्षक सुनील यादव एवं महिला आरक्षक मनीषा आदि उपस्थित रहे। सभी पुलिस कर्मियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए ऑटो चालकों से संवाद कर उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया।



## देहरादून में स्केटिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर।** देहरादून (उत्तराखंड) में 10 से 15 जुलाई तक आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स भारत नेशनल फिगर एवं स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप-2026 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ मिश्रा (अंडर-14) ने रजत पदक, जबकि ईशान गुप्ता (अंडर-16) ने 500 मीटर स्पीड स्केटिंग में कांस्य पदक जीता, उत्कर्ष कुमार जैन (अंडर-12) और राघव वर्मा (अंडर-16) रेड रिबन विजेता रहे। कोच रामकिशोर सोनी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की सफलता पर स्पेशल ओलंपिक्स भारत मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक दीपांकर बैनर्जी, खेल निदेशक एहतेशाम उद्दीन, सहायक खेल निदेशक राजेंद्र बारस्कर, विकलांग सेवा भारती के प्राचार्य राकेश कुमार शर्मा तथा वेलकम टू स्पेशल चाइल्ड स्पोर्ट्स अकादमी की संरक्षिका डॉ. मधुलिका त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों व प्रशिक्षक को बधाई दी।

## चरम पर पहुंचा जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव प्रचार

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के 20 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए प्रचार चरम पर पहुंच गया है। अंतिम दौर में सभी प्रत्याशी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। देर रात तक चुनाव प्रचार चलता रहा, वहीं मतदान के लिए भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी जीएस ठाकुर ने बताया कि चुनाव मैदान में कुल 91 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। अध्यक्ष पद के लिए अभय कुमार शुक्ला, बीपी तिवारी, एचआर नायडू, ज्योति राय, मनीष कुमार मिश्रा और नरेन्द्र कुमार जैन के बीच कड़ी टक्कर हो रही है। इसी के अंतर्गत उपाध्यक्ष पद के लिए 10 प्रत्याशी हैं, जिसमें एड. शेख मंजूर को वकीलों का पूरा समर्थन मिल रहा है, उन्होंने कहा कि मैं वकीलों के हित के लिए हमेशा लड़ाई लड़ता रहूंगा। महिला उपाध्यक्ष पद के लिए 3, सचिव पद के लिए 8, सह-सचिव पद के लिए 5, कोषाध्यक्ष पद के लिए 4, पुस्तकालय सचिव पद के लिए 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। कार्यकारिणी के 12 पदों के लिए 51 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हो रहा है।





## जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन ने हाथीताल गार्डन में किया वृहद पौधारोपण

**जबलपुर।** जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन द्वारा रविवार को हाथीताल गार्डन में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पार्षद निशा संजय राठौड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है और आज लगाया गया हर पौधा भविष्य में स्वच्छ वातावरण का आधार बनेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष चरन जीत सिंह अरोरा ने कहा कि संस्था सेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाज कल्याण के कार्यों में सदैव सक्रिय रही है। उन्होंने सभी से पौधारोपण के साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अजीत श्रीवास्तव, मुकेश चौरसिया, राजेंद्र वर्मा (सचिव), पूजा कोष्ठा, रवि अरोरा, गरिमा विश्वकर्मा, सरोज दुआ, अरविंद पटेल, संदीप गौर, किशोर दुआ, चंद्र किशोर मोदी, पी.एल. शर्मा, शरद नेमा, संतोष चौरसिया, न्यू आदर्श वेलफेयर सोसाइटी के परविंदर बिंद्रा, अमरजीत कौर मॉयल, संजय राठौड़ सहित बड़ी संख्या में मध्य प्रदेश हाउसिंग कॉलोनी, हाथीताल के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ₹एक पेड़, एक जीवन₹ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया गया।

## सरस्वती कॉलोनी दुर्गा हनुमान मंदिर में पांचवें दिवस राम कथा सानंद संपन्न

**जबलपुर।** श्री दुर्गा हनुमान मंदिर सरस्वती कालोनी में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर चल रही श्री राम कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास पूज्या किशोरी साक्षी दीदी ने बताया कि भगवान राम तीनों भाइयों सहित धरा धाम पर अवतरित हुए तो उन्होंने वो बाल लीलाएं कीं जिनके द्वारा संस्कारों को अपने जीवन में उतार कर जीवन को आनंदमय बना सकें। अंग्रेजी शिक्षा हो या घर का वातावरण उसमें संस्कारों को बहुत पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि माता-पिता को देखकर संतान उनका अनुसरण करती हैं। ऐसी महत्वपूर्ण बातें संस्कारों की बताई। कल षष्ठम दिवस की कथा में भगवान के मंगल विवाह की कथा का श्रवण पान कराया जाएगा, इस अवसर पर कथा के यजमान मन्दिर समिति के अध्यक्ष देवेंद्र-सरिता नेमा सहित समिति की शकुन ठाकुर, प्रभा शर्मा, नानीबाई विश्वकर्मा, शकुंतला पटेल, उर्मिला अग्रवाल, तुलसा खरे, सावित्री शुक्ला, प्रीति गुप्ता, रघुराज सिंह ठाकुर, राजेंद्र गुप्ता, अमरसिंह ठाकुर, संदीप नेमा, अनिल सुहाने, मोहित तिवारी, विशाल पंड्या, पं. दुबे आदि भक्तजन, मातृ शक्ति उपस्थित रहे।



## राजकुमारी बाई बाल निकेतन में चाकचौबंद मिली व्यवस्था

**जबलपुर।** राजकुमारी बाई बाल निकेतन में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य अर्चना गुप्ता द्वारा संस्था का निरीक्षण किया गया, उन्होंने संस्था की जानकारी प्राप्त की और संस्था के बच्चों की देखरेख, संरक्षण, बच्चों का शैक्षणिक स्तर, भोजन व्यवस्था, संस्था के परिसर की साफ-सफाई आदि पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इधर की कार्यप्रणाली से मैं बेहद प्रभावित हुई। राजकुमारी बाई बाल निकेतन के अध्यक्ष मदन मोहन नेमा के कुशल मार्गनिर्देशन में संस्था निरंतर प्रगति पर है। इस अवसर पर उनके साथ आदिम जाति कल्याण विभाग क्षेत्र संयोजक रीता पटैल एवं राकेश यादव बाल संरक्षण अधिकारी भी उपस्थित थे। संस्था सचिव श्याम सुंदर माहेश्वरी एवं कार्यालय सहायक संगीता मरावी ने उन्हें विस्तृत जानकारी प्रदान की।

